भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
**लिखित प्रश्न सं. 2554**
मंगलवार, 10 अगस्त, 2021/19 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**'प्रसाद' योजना की ऑनलाइन उपलब्धता**

**2554. श्री प्रशांत नन्दा:**
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार ने 'प्रसाद' योजना की ऑनलाइन उपलब्धता स्थापित करने के लिए कदम उठाए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) यदि हां, तो 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत ऑनलाइन सेवाओं के लिए कितने उपयोगकर्ताओं ने पंजीकरण कराया है; और
(ड.) 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत मोबाइल ऐप्लिकेशन की शुरुआत करने के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता की कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है?

**उत्तर**
**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.): प्रशाद योजना के तहत केवल राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त अनुरोध/प्रस्तावों के अनुसार पहले से चयनित गंतव्यों में आवश्यकता अंतराल विश्लेषण आधार पर तीर्थयात्रा/धार्मिक और विरासत पर्यटन अवसंरचना के सृजन के लिए उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है । चूंकि इस योजना के तहत निजी पक्षों तथा व्यक्तियों/नागरिकों को कोई निधि जारी नहीं की जाती है अत: परियोजनाओं के अनुमोदन तथा निधियां जारी किए जाने और उनकी उपयोगिता हेतु ऑनलाइन उपस्थिति तथा मोबाइल एप्लीकेशन अपेक्षित नहीं है । इस योजना का मोबाइल एप्लीकेशन लांच करने के लिए कोई निधि आवंटित नहीं की गई है । तथापि इस योजना के तहत अनिवार्य रूप से वित्त मंत्रालय के ऑनलाइन पीएफएमएस (सार्वजनिक निधि प्रबंधन प्रणाली) के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी की जाती है । इसके अतिरिक्त राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा इस पीएफएमएस पोर्टल पर व्यय का ब्यौरा दिया जाना अपेक्षित है । अत: सभी संबंधित राज्य सरकारें/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन इस पीएफएमएस पोर्टल पर उपस्थित हैं ।

*****